**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा (आशुलिपिक / आशुटंकक–III)–76 / 2025**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग,**

**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

**आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक–5208/3rr. पटना, दिनांक–24.11.2026

विज्ञापन संख्या–07 / 25, पद–आशुलिपिक / आशुटंकक–III की लिखित परीक्षा दिनांक–01.12.2026 (मंगलवार) को दो पालियों में ऑनलाइन मोड (Computer Based Test) में निर्धारित है। ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत होने हेतु अभ्यर्थियों के अभ्यास एवं सुविधा के लिए प्रैक्टिस टेस्ट का डेमो लिंक (https://bsscpracticesteno.cbrt.co.in/login) आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही, अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

अभ्यर्थी डेमो लिंक के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा का स्वरूप एवं परीक्षा प्रक्रिया से अवगत हो सकते हैं। यह डेमो लिंक मात्र ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली (CBT Interface) की कार्यप्रणाली से अभ्यर्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से उपलब्ध कराया गया है। इसे वास्तविक परीक्षा के प्रश्न–पत्र के स्तर या पैटर्न का मानक नहीं माना जाए।

साथ ही, अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाइट पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण निर्देशों एवं प्रवेश पत्र पर अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढेंगे एवं उनका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।